Website Notice Board

GRAM:UNISERCOM

फैक्स: 011-23098552

सं. ए-32014/01/2015-प्रशा.II
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड
नई दिल्ली-110069

दिनांक 06 NOV 2015

**रिक्ति परिपत्र**

**विषय : संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन बैंड-2 [रु. 9300-34800/-] में 4600/- रु. के ग्रेड वेतन सहित संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी (सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, अननुसचिवीय) के पद को संयुक्त पद्धति पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरे जाने के संबंध में।**

संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में वेतन बैंड-2 [रु. 9300-34800/-] में 4600/- रु. के ग्रेड वेतन सहित संपदा प्रबंधक एवं बैठक अधिकारी (सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, अननुसचिवीय) के एक पद को संयुक्त पद्धति पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है।

2. पात्रता की शर्तें :- संयुक्त पद्धति पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति(अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा :

**I. प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालीन संविदा भी है)**

**केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या अर्ध-सरकारी या कानूनी या स्वायत संगठनों में से ऐसे अधिकारी :-**

(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या

(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन बैंड-2; 9300-34800 रु. + ग्रेड वेतन 4200 रु. या समतुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है; **और**

(ख) **जिसके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हैं अर्थात्:-**

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल या यांत्रिक या विद्युत या स्वच्छता या लोक स्वास्थ्य इंजीनियरी में डिप्लोमा या समतुल्य; **और**

(ii) कार्यालय भवन के अनुरक्षण और रखरखाव में जिसके अंतर्गत स्वच्छता संबंधी स्थापन और वातानुकूलन उपस्कर या विद्युत संस्थापन भी है, पांच वर्ष का अनुभव।

**II. वेतन बैंड-2, 9300-34800 रु.+ग्रेड वेतन 4200 रु. में ऐसे विभागीय संपदा पर्यवेक्षक जिन्होंने उस श्रेणी में पांच वर्ष नियमित सेवा की है, पर भी बाहय व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा और यदि उस पद पर नियुक्ति के लिए उनका चयन हो जाता है तो वह पदोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा।**

3. आयु सीमा :-

प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

क्रमशः 2/-

मुख्य सचिव कार्यालय
झारखण्ड, राँची
गै.स.प्रे.सं. 683
तिथि 11/12/2015

4. <u>प्रतिनियुक्ति की अवधि</u> :-

केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य कैडर-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित इस प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

5. पात्र उम्मीदवारों के आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), जिन्हें चयन होने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध-I) में निम्नलिखित दस्तावेज़ों के साथ, अग्रेषण प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र (अनुबंध-II में दिए गए प्रपत्र में) सहित अग्रेषित कर दिए जाएं:

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र।

(ii) कर्मचारी पर पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिरोपित दीर्घ/लघु शास्तियां, यदि कोई हों, की सूची (यदि कोई शास्ति नहीं लगाई गई है तो **'शून्य'** प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाए)।

(iii) सतर्कता निर्बाधन प्रमाण पत्र।

(iv) पिछले 5 वर्षों (2010-11 से 2014-15) की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की अनुप्रमाणित फोटोप्रतियां (भारत सरकार के कम से कम अवर सचिव स्तर के किसी अधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत अनुप्रमाणित)।

अनुबंध के अंत में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेज **श्री सुरेश कुमार नायक, अवर सचिव (प्रशा.), प्रथम तल, मुख्य भवन, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069 को इस परिपत्र के इम्पलायमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 60 दिन के भीतर अग्रेषित कर दिए जाएं। वे आवेदन पत्र जो उचित माध्यम के द्वारा अग्रेषित नहीं किए गए हैं अथवा अपेक्षित प्रमाण-पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के बिना अग्रेषित आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**विस्तृत रिक्ति परिपत्र (अनुबंध-I और अनुबंध-II के साथ) संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट <u>http://www.upsc.gov.in/</u> पर देखा जा सकता है।**

सुरेश कुमारनायक

**(सुरेश कुमार नायक)**
**अवर सचिव (प्रशा. )**
**संघ लोक सेवा आयोग**
**दूरभाष सं. 011-23381202**

<u>प्रति प्रेषित</u> :-

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (संलग्न सूची के अनुसार)
2. राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रधान सचिवों, विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ अर्द्ध-सरकारी/ वैधानिक/स्वायत्तशासी संगठनों के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे कृपया इस रिक्ति परिपत्र को व्यापक स्तर पर परिचालित करें।
3. संघ लोक सेवा आयोग के सभी नोटिस बोर्ड - पात्र और इच्छुक अधिकारी, अपने आवेदन अपने संबंधित प्रशासन अनुभाग के माध्यम से निर्धारित तारीख तक भेज सकते हैं।
4. श्री वी. रवि राम कृष्ण, निदेशक, कमरा नं. 835, विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, 14वीं मंजिल, सूचना भवन, सीजीओ काम्प्लेक्स, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को इम्प्लायमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार के आगामी अंक में प्रकाशित करें।
5. श्रीमती श्रुति पाटिल, महाप्रबंधक-सह-प्रमुख संपादक, इम्प्लायमेंट न्यूज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, ईस्ट ब्लॉक-IV, तल-5, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066 को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को इम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार के आगामी अंक में प्रकाशित करें।

सुरेश कुमार नायक

**(सुरेश कुमार नायक)**
**अवर सचिव (प्रशा. )**
**संघ लोक सेवा आयोग**
दूरभाष सं. 011-23381202